गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

पंजीकृत कार्यालय:
गेल भवन
16 भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम
नई दिल्ली-110066, इंडिया

Regd. Office:
GAIL BHAWAN
16 BHIKAIJI CAMA PLACE, R.K. PURAM
NEW DELHI-110066, INDIA

फोन/PHONE : +91 11 2618 2955
फैक्स/FAX : +91 11 2618 2955
ई-मेल/Email: info@gail.co.in

**ND/GAIL/SECTT/2025** **August 08, 2025**

1. Listing Compliance
   National Stock Exchange of India Limited
   Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1,
   G Block, Bandra-Kurla Complex,
   Bandra (East), Mumbai – 400051
   **Scrip Code: GAIL-EQ**

2. Listing Compliance
   BSE Limited,
   Floor 1, Phiroze Jeejeebhoy Towers,
   Dalal Street,
   Mumbai – 400001
   **Scrip Code: 532155**

**Sub.: Newspaper Publication of Dispatch of Notice and Annual Report of the 41st Annual General Meeting (AGM) of the Members of GAIL (India) Limited**

Dear Sir/Madam,

This is in compliance of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015.

With reference to the subject cited above, please find the attachment.

The above is for your information and records.

Thanking you,
Yours faithfully,

Mahesh Kumar Agarwal
Digitally signed by Mahesh Kumar Agarwal
Date: 2025.08.08 15:46:29 +05'30'

**(Mahesh Kumar Agarwal)**
**Company Secretary**

Encl: As above

# refex

## Refex Renewables & Infrastructure Limited

Registered Office: Second Floor, Refex Towers, Sterling Road Signal,
313, Valluvar Kottam High Road, Nungambakkam, Chennai – 600 034, Tamil Nadu, India.
Phone: 044-4340 5950 | Website: www.refexrenewables.com | CIN: L40100TN1994PLC028263

Great Place To Work® Certified APR 2025-APR 2026 INDIA

**STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS, BOTH STANDALONE & CONSOLIDATED FOR THE FIRST QUARTER ENDED ON JUNE 30, 2025, OF THE FINANCIAL YEAR 2025-26**

Refex Renewables & Infrastructure Limited [Company] hereby informs that the Board of Directors of the Company at its meeting held on Thursday, August 07, 2025, had inter-alia considered and approved the Unaudited Financial Results for the First quarter ended June 30, 2025, of the financial year 2025-26 [Results] both on standalone & consolidated basis, and took on records, the Limited Review Reports thereon, issued by the Statutory Auditors of the Company.

In compliance with Regulation 33 read with Regulation 47 of SEBI [Listing Obligations and Disclosure Requirements] 2015, the Results are made available through quick response code [QR code] given below and the same also published on the website of the Company [www.refexrenewables.com/investor-relations.php] and BSE Limited [www.bseindia.com].

SCAN ME SCAN ME

Place: Madurai
Date: August 07, 2025

By Order of the Board
For Refex Renewables & Infrastructure Limited
**Kalpesh Kumar**
Managing Director
DIN: 07966090

www.refexrenewables.com | Refex-Group | refex-group | @GroupRefex | refexgroup

# TALBROS AUTOMOTIVE COMPONENTS LIMITED

**CIN:** L29199HR1956PLC033107
**Regd. Office:** 14/1, Delhi Mathura Road, Faridabad-121003 (Haryana)
**Tel No.:** 0129-4960482, **Website:** www.talbros.com, **Email:** seema_narang@talbros.com

### EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2025

(Rs. in lacs)

| Particulars | CONSOLIDATED | | | | STANDALONE | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter ended | | | Year ended | Quarter ended | | | Year ended |
| | 30-Jun-25 | 31-Mar-25 | 30-Jun-24 | 31-Mar-25 | 30-Jun-25 | 31-Mar-25 | 30-Jun-24 | 31-Mar-25 |
| | Unaudited | Audited (Refer Note 2) | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited (Refer Note 2) | Unaudited | Audited |
| Total Income from Operations | 21,054.41 | 21,093.72 | 20,923.62 | 84,473.03 | 21,054.41 | 21,093.72 | 20,923.62 | 84,590.83 |
| Profit/(Loss) before exceptional Items and tax | 2,794.11 | 3,359.89 | 2,641.77 | 11,943.29 | 2,394.26 | 2,826.97 | 2,337.26 | 10,287.27 |
| Exceptional items | - | - | - | - | - | - | - | - |
| Profit/(Loss) before tax | 2,794.11 | 3,359.89 | 2,641.77 | 11,943.29 | 2,394.26 | 2,826.97 | 2,337.26 | 10,287.27 |
| Net Profit/(Loss) after tax | 2,219.64 | 2,658.10 | 2,061.47 | 9,443.27 | 1,819.79 | 2,125.18 | 1,756.96 | 7,787.25 |
| Total Comprehensive income/(loss) for the period (Comprising profit after tax and other comprehensive income after tax) | 3,417.71 | 2,231.97 | 4,029.54 | 9,977.75 | 3,017.14 | 1,693.26 | 3,725.93 | 8,318.83 |
| Paid-up equity share capital (face value of Rs. 2/- each) | 1,234.56 | 1,234.56 | 1,234.56 | 1,234.56 | 1,234.56 | 1,234.56 | 1,234.56 | 1,234.56 |
| Earning Per Share (of Rs. 2/- each) (for the period - not annualised) | | | | | | | | |
| Basic (Rs.) | 3.60 | 4.31 | 3.34 | 15.30 | 2.95 | 3.44 | 2.85 | 12.62 |
| Diluted (Rs.) | 3.60 | 4.31 | 3.34 | 15.30 | 2.95 | 3.44 | 2.85 | 12.62 |

**Notes:**

1 The above is an extract of the detailed format of quarterly and yearly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on Company's website (www.talbros.com).

2 These standalone and consolidated financial results for the quarter ended on 30 June 2025 have been reviewed and recommended for approval by the Audit Committee and accordingly approved by the Board of Directors of Talbros Automotive Components Limited ("the Company") at their respective meetings held on 07 August 2025. The figures for the quarter ended 31 March 2025 are the balancing figures between the audited figures in respect of full financial year and the published year to date figures upto the third quarter of the relevant financial year, which were subject to limited review. The financials results for the quarter ended 30 June 2025 have undergone "Limited Review" by the Statutory Auditors of the Company. Mr. Anuj Talwar, JMD is duly authorised by Board to sign the financial results for submission to stock exchanges.

**Date : August 07, 2025**
**Place : Gurugram**

For **Talbros Automotive Components Limited**
Sd/-
**Anuj Talwar**
Joint Managing Director
DIN : 00628063

# LIC — LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

Central Office: "Yogakshema", Jeevan Bima Marg, Nariman Point, Mumbai - 400021
(IRDAI Reg. No. 512 Dated 01.01.2001)

### CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2025

(₹in Crore)

| Sr. No. | Particulars | Three months ended as at | | | Year Ended as at |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-Jun-25 | 31-Mar-25 | 30-Jun-24 | 31-Mar-25 |
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| 1 | Premium Income (Gross)[1] | 119,753.87 | 148,222.04 | 114,360.99 | 490,489.26 |
| 2 | Net Profit before tax, Exceptional and / or Extraordinary items | 10,985.77 | 19,045.74 | 10,551.40 | 48,350.61 |
| 3 | Net Profit before tax, after Exceptional and / or Extraordinary items | 10,985.77 | 19,045.74 | 10,551.40 | 48,350.61 |
| 4 | Net Profit after tax, Exceptional and / or Extraordinary items | 10,957.05 | 19,038.67 | 10,544.33 | 48,320.33 |
| 5 | Paid-up Equity Share Capital | 6,325.00 | 6,325.00 | 6,325.00 | 6,325.00 |
| 6 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 132,156.14 | 121,193.93 | 87,150.92 | 121,193.93 |
| 7 | Earnings Per Share (Face value of ₹10 each) | | | | |
| | 1. Basic: (in ₹) (not annualised for three months) | 17.32 | 30.10 | 16.67 | 76.40 |
| | 2. Diluted: (in ₹) (not annualised for three months) | 17.32 | 30.10 | 16.67 | 76.40 |

**Key number of Standalone Financial Results for the quarter ended June 30, 2025 are as under:**

(₹in Crore)

| Sr. No. | Particulars | Three months ended as at | | | Year Ended as at |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-Jun-25 | 31-Mar-25 | 30-Jun-24 | 31-Mar-25 |
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| 1 | Premium Income (Gross)[1] | 119,333.04 | 147,886.01 | 113,900.24 | 488,848.92 |
| 2 | Profit before tax | 11,006.14 | 19,012.79 | 10,461.05 | 48,151.17 |
| 3 | Profit after tax | 10,986.51 | 19,012.79 | 10,461.05 | 48,151.17 |

**Notes:**

1. Premium income is gross of reinsurance and net of Goods & Service Tax.
2. The above figures is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites (**www.nseindia.com** and **www.bseindia.com**) and the Corporation's website (**www.licindia.in**). The same can be accessed by scanning the QR code below.
3. The New Indian Accounting Standards (Ind AS) are currently not applicable to insurance industry in India.

**For and on behalf of the Board of Directors**

**Place:- Mumbai**
**Date:- 07-08-2025**

**DINESH PANT**
**Managing Director**
**(DIN: 11134993)**

# GAIL (India) Limited

**(A Government of India Undertaking)**

### NOTICE TO SHAREHOLDERS OF GAIL (INDIA) LIMITED

NOTICE is hereby given that the 41st (Forty-First) Annual General Meeting (AGM) of the members of GAIL (India) Limited for FY 2024-25 will be held on Friday, 29th August, 2025 at 11:30 a.m. through Video Conferencing (VC) /Other Audio-Visual Means (OAVM) to transact the business(es) as set out in the Notice of the AGM. In line with the SEBI and MCA Circulars, the Notice of 41st AGM and Annual Report 2024-25 of the Company for the Financial Year 2024-25, has been sent to the Members of the Company through electronic mode whose e-mail ID(s) are registered with the Depository Participant (DP) or R&TA. The same is also hosted on the website(s) of the Company (**www.gailonline.com**), Stock Exchanges i.e. BSE Limited **(www.bseindia.com)**, National Stock Exchange of India Limited **(www.nseindia.com)** and Central Depository Services (India) Limited (CDSL) (agency for providing the Remote e-Voting facility) (**www.evotingindia.com**).

Pursuant to Regulation 44 of the SEBI (LODR) Regulations 2015, Section 108 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, the Company is pleased to provide to its members facility to exercise their right to vote on all resolutions set forth in the Notice convening the 41st AGM using electronic voting system ('**Remote e-voting**'). The Company has engaged the services of Depository viz. **Central Depository Services (India) Limited ('CDSL')** to provide the remote e-voting facility. The remote e-voting period commences on **Monday, 25th August, 2025 (9:00 am) (IST) and ends on Thursday, 28th August, 2025 (5:00 pm) (IST).** The remote e-voting module shall be disabled by CDSL for remote e-voting thereafter and remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time.

A person whose name is registered as a member in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the depositories as on **cut-off date** i.e. **Friday, 22nd August, 2025** shall be entitled to avail the facility of a) Remote e-voting; b) Participation at the AGM through VC/OAVM; and c) Vote through e-voting mode available during the AGM.

The members who have casted their vote by remote e-voting mode may also attend the AGM through VC/ OAVM but shall not be entitled to cast their vote during the AGM. Once a vote on a resolution is submitted by the member through remote e-voting or e-voting, the member shall not be allowed to change it. The remote e-voting facility is available to the members as on the cut-off date at **www.evotingindia.com**. Only those members, who would be present in the AGM through VC/OAVM facility and have not casted their vote on the resolutions through remote e-Voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote through e-Voting system available during the AGM.

Members are requested to refer to instructions for remote e-voting which forms a part of AGM Notice.

If you have any queries or issues regarding attending AGM & e-Voting from the CDSL e-Voting System, you can write an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or contact at toll free no. 1800 21 09911.

All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Mr. Rakesh Dalvi, Sr. Manager, (CDSL) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or call toll free no. 1800 21 09911.

If a person is already registered with CDSL/NSDL for e-voting then existing login ID and password to be used for remote e-voting or e-voting. Any person who acquires shares of the Company and becomes a Member of the Company after the Notice has been sent electronically by the Company and holds share(s) as on cut-off date may obtain the login id and password by sending request along with their shareholding details to **shareholders@gail.co.in** or **helpdesk.evoting@cdslindia.com**.

In terms of Regulation 44 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company is providing one-way live webcast of the proceedings of the AGM for the shareholders on **Friday, 29th August, 2025 from 11:30 a.m.** onwards till conclusion of the AGM. You may access the same at GAIL's website (www.gailonline.com).

Further, SEBI vide its circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated July 2, 2025 has opened a special window only for re-lodgement of transfer deeds, which were lodged prior to the deadline of April 01, 2019 and rejected/returned/not attended to due to deficiency in the documents/process/or otherwise, for a period of six months from **7th July, 2025 till 6th January, 2026.** During this period, the securities that are re-lodged for transfer (including those requests that are pending with the listed company / RTA, as on date) shall be issued only in demat mode. Due process shall be followed for such transfer-cum demat requests.

To facilitate the member(s) to register their request/complaint, if any, designated e-mail ID of the R&TA and Company is **admin@mcsregistrars.com** and **shareholders@gail.co.in** respectively.

Place: New Delhi
Date: 08.08.2025
**E-mail:** shareholders@gail.co.in

For GAIL (India) Limited
Sd/-
(Mahesh Kumar Agarwal)
Company Secretary

**Registered Office: 16, Bhikaiji Cama Place, R.K. Puram, New Delhi – 110066**
**Ph.: 011-26182955, Fax: 011-26185941, (CIN: L40200DL1984GOI018976)**

www.gailonline.com #EnergizingPossibilities Follow us on

# BS Marketing Initiatives



# टैरिफ बढ़ने के बाद भी चढ़े बाजार

## देसी संस्थागत निवेशकों की रिकॉर्ड खरीद, पुतिन-ट्रंप के बीच बैठक की संभावना से शेयर बाजारों को अंततः करीब एक फीसदी गिरावट से उबरने में मदद मिली

**सुंदर सेतुरामन**
मुंबई, 7 अगस्त

घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की मजबूत खरीदारी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप व रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के बीच आगामी शिखर सम्मेलन से उम्मीदें लगाते हुए भारतीय बाजार गुरुवार को तीन महीने के निचले स्तर से उबर गए और बढ़त के साथ बंद हुए।

भारत के निरंतर रूसी ऊर्जा की खरीद के जवाब में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना करने के अमेरिका के कदम ने निवेशकों का मनोबल प्रभावित हुआ। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स लगभग एक फीसदी गिरकर 79,811 पर चला गया जो 9 मई के बाद सबसे निचला स्तर है।

हालांकि यह 79 अंक (यानी 0.1 फीसदी) की बढ़त के साथ 80,623 पर बंद हुआ। निफ्टी भी तीन महीने के निचले स्तर 24,344 पर पहुंच गया, लेकिन फिर गिरावट की भरपाई करते हुए 22 अंक (0.09 फीसदी) की बढ़त के साथ 24,596 पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 16,000 करोड़ रुपये बढ़कर 445.4 लाख करोड़ रुपये हो गया।

इस बढ़त को डीआईआई से सहारा मिला जिन्होंने घरेलू शेयरों में 10,864 करोड़ रुपये का निवेश किया जो 7 अप्रैल के बाद से उनकी एक दिन की सबसे बड़ी खरीद है।

इसके उलट, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 4,997 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

रूस ने घोषणा की है कि वह पुतिन-ट्रंप बैठक के लिए अमेरिका के साथ जगह पर सहमत हो गया है और उसने पुतिन तथा ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ के बीच हाल में हुई बातचीत के बाद प्रमुख मसलों पर चर्चा शुरू कर दी है।

अधिकांश वैश्विक बाजारों में भी तेजी आई क्योंकि क्रेमलिन की पुष्टि से रूस-यूक्रेन युद्ध में संभावित संघर्ष विराम की उम्मीद जगी और संभवतः भारत जैसे रूसी ऊर्जा खरीदारों के प्रति ट्रंप के सख्त रुख में नरमी आई।

अमेरिका इन खरीदों को रूसी अर्थव्यवस्था के लिए मददगार मानता है जिससे युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों में देरी हो रही है और जो अब चौथे वर्ष में पहुंच रहा है। मंगलवार को ट्रंप ने भारत पर रूस के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया, जिससे महीनों की बातचीत के बाद व्यापार तनाव और बढ़ गया।

ये टैरिफ ट्रंप की 8 अगस्त की समयसीमा से पहले ही लगाए गए हैं जब उन्होंने रूस को यूक्रेन के साथ शांति समझौते पर पहुंचने का अल्टीमेटम दिया था। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (वेल्थ मैनेजमेंट) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आशावादिता से बाजार में उत्साह बढ़ रहा है क्योंकि बातचीत के लिए अभी भी 20 दिन का समय है। हमें उम्मीद है कि बाजार सीमित दायरे में रहेगा और अमेरिका-रूस शांति वार्ता के घटनाक्रम, अमेरिकी टैरिफ पर भारत की प्रतिक्रिया और घरेलू आय के अनुमानों पर कड़ी नज़र रखेगा।

बाजार में चढ़ने और गिरने वाले शेयरों का अनुपात कमजोर रहा। बीएसई पर 2,297 शेयरों में गिरावट और 1,751 शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स की बढ़त में एचडीएफसी बैंक का सबसे बड़ा योगदान रहा, जिसमें 0.6 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, उसके बाद इटरनल का स्थान रहा, जिसमें 0.9 फीसदी का इजाफा हुआ। ब्रेंट क्रूड 0.6 फीसदी की बढ़त के साथ 68.2 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्र ने कहा, निफ्टी 24,450 के समर्थन स्तर से ऊपर बना रहा जिससे एक प्रमुख आधार के रूप में इसकी मजबूती की पुष्टि हुई। पिछली एकीकृत सीमा के निचले स्तर ने तेजी को जन्म दिया। 24,800 से ऊपर एक निर्णायक कदम से 25,000 के स्तर की ओर उछाल का रास्ता खुल सकता है।

## भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से स्थिर रहा रुपया

**अंजलि कुमारी**
मुंबई, 7 अगस्त

**बुधवार** को भारतीय वस्तुओं के निर्यात पर अमेरिका के 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित डॉलर बिक्री के हस्तक्षेप के कारण गुरुवार को रुपया स्थिर रहा। डीलरों ने यह जानकारी दी। भारत पर अब ब्राज़ील के बराबर अमेरिका ने सबसे ज़्यादा 50 फीसदी टैरिफ़ लगा दिया है। यह अतिरिक्त टैरिफ़ 28 अगस्त से लागू होगा। स्थानीय मुद्रा 87.71 प्रति डॉलर पर बंद हुई जो एक दिन पहले के बंद भाव 87.74 प्रति डॉलर के मुकाबले करीब-करीब स्थिर है।

आईएफए ग्लोबल के मुख्य कार्याधिकारी अभिषेक गोयनका ने कहा, रुपये में नई तेजी की पुष्टि के लिए डॉलर-रुपये का 87.95 -88.00 के स्तर से ऊपर बंद होना जरूरी है। हालांकि हालिया गतिविधियों को देखते हुए ऐसा लगता है कि केंद्रीय बैंक रुपये को और अधिक गिरने से रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल के निरंतर आयात का हवाला देते हुए भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। इस कदम से चुनिंदा भारतीय निर्यातों पर कुल शुल्क प्रभावी रूप से 50 फीसदी हो गया है।

फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स के ट्रेजरी प्रमुख अनिल कुमार भंसाली ने कहा, टैरिफ के आर्थिक प्रभाव चिंता का विषय हैं क्योंकि बढ़ते व्यापार तनाव के कारण भारत के जीडीपी वृद्धि के अनुमान में संभावित रूप से कमी आ सकती है।।

गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत के कच्चे तेल के आयात (वॉल्यूम में) में अमेरिका का योगदान करीब 4 फीसदी था जो वित्त वर्ष 2024 में करीब 1 फीसदी रहा था जबकि रूसी आयात भारतीय तेल आयात का लगभग एक तिहाई है।

# गहरा सकती है विदेशी निवेशकों की बिकवाली

**साई अरविंद और पुनीत वाधवा**
मुंबई/नई दिल्ली, 7 अगस्त



**विश्लेषकों** का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने से भारतीय बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली और बढ़ सकती है। उभरते बाजारों (ईएम) की तुलना में उनकी भारत से पहले से ही सबसे अधिक निकासी हो रही है।

एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग के अनुसार जुलाई के अंत तक भारत से एफपीआई ने 10.3 अरब डॉलर की बिकवाली की है। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार पिछले 13 कारोबारी सत्रों में वैश्विक फंडों ने 40,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। विश्लेषकों ने इस रुझान के लिए मोटे तौर पर ट्रंप की टैरिफ नीतियों को ज़िम्मेदार ठहराया। ट्रंप ने बुधवार को रूसी तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ दोगुना यानी 50 फीसदी कर दिया।

उनका मानना है कि जून तिमाही में कंपनियों की कमजोर आय और जेन स्ट्रीट के घटनाक्रमों के बीच भारतीय बाजारों (निफ्टी 50) का मूल्यांकन एक साल आगे की आय के 22.3 गुना पर होने से पिछले कुछ हफ्तों में भी भारत के प्रति एफपीआई का मनोबल प्रभावित हुआ है। विशलेषकों का कहना है कि फिर भी भारतीय बाजारों में विदेशी निवेश की आवक को लेकर उम्मीद की एकमात्र किरण अमेरिकी फेडरल रिजर्व का दर कटौती है। साथ ही, अगली कुछ तिमाहियों में भारतीय कंपनियों की आय में सुधार होने पर तुलनात्मक रूप से मूल्यांकन में सहजता से भी उनका निवेश बढ़ सकता है।

आईएनवीऐसेट पीएमएस में पार्टनर और फंड मैनेजर अनिरुद्ध गर्ग के अनुसार देश की संरचनात्मक मजबूती के कारण दीर्घकालिक पूंजी भारत में निवेश के लिए प्रतिबद्ध बनी हुई है। लेकिन निकट भविष्य में एफपीआई सतर्क रह सकते हैं। स्पष्टता होने तक जोखिम-प्रतिफल उन कंपनियों में मिल सकता है जो नकदी समृद्ध हैं और घरेलू हैं।

डीआरचोकसी फिनसर्व के प्रबंध निदेशक देवेन चोकसी ने कहा, ट्रंप ने दूसरी बार कार्यभार संभाला तो एफपीआई दो महीने तक बिकवाल रहे क्योंकि आगे की नीतियों को लेकर अनिश्चितता थी लेकिन वे बाद में बाजार लौटे। ऐसी ही स्थिति इस बार भी देखने को मिल कती है। चोकसी ने कहा, लगातार बिकवाली से एफपीआई की होल्डिंग घट रही है। हालांकि देसी म्युचुअल फंडों के इस बिकवाली के दबाव की भरपाई करने की संभावना है।

**चीन के बाजार का रुख**

एएसके हेज सॉल्युशंस के मुख्य कार्याधिकारी वैभव सांघवी ने कहा, उभरते बाजारों में एफपीआई अपना कुछ निवेश भारत से निकालकर चीन ले जा रहे हैं लेकिन यह पोर्टफोलियो को दोबारा संतुलित करने का मामला है, न कि कुछ और। उन्होंने कहा, ईएम बास्केट में भारत का भारांश करीब 20 फीसदी है, ऐसे में उभरते बाजारों में आने वाले निवेश का उचित हिस्सा भारत में भी आने की संभावना है।

विश्लेषकों ने कहा, एफपीआई का निवेश भारतीय बाजार में तब लौट सकता है जब फेड ब्याज दरों में कटौती शुरू करेगा जो सितंबर से संभव है। सांघवी ने कहा, हमें इस साल दो बार 25-25 आधार अंकों की ब्याज कटौती की संभावना लग रही है जो उभरते बाजारों खास तौर से भारत में ठीक-ठाक निवेश लाने के लिए पर्याप्त होंगी।

वेलेंटिस एडवाइजर्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक ज्योतिवर्धन जयपुरिया के मुताबिक मूल्यांकन के लिहाज से कंपनियों की आय में सुधार जरूरी होगा ताकि यह आकर्षक बन सके और इस वजह से भारतीय इक्विटी में निवेश फिर से आ सके। साल 2026 में आय में सुधार दिखाने वाला पहला क्षेत्र बैंकिंग हो सकता है, जिससे बाजार को मूल्यांकन को संतोषजनक बनाने में मदद मिलेगी। जयपुरिया ने कहा, दूसरी ओर अगर अन्य उभरते बाजारों में तेजी आती है और भारतीय बाजार सीमित दायरे में रहते हैं तो भारतीय शेयर आकर्षक लग सकते हैं और विदेशी रकम खींच सकते हैं।

## असूचीबद्ध फर्मों के लिए आरटीए की अलग यूनिट का प्रस्ताव

**बाजार** नियामक ने गुरुवार को सूचीबद्ध कंपनियों और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों को दी जाने वाली सेवाओं के आधार पर रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंटों (आरटीए) की गतिविधियों को अलग करने का प्रस्ताव रखा।

सूचीबद्ध कंपनियों और म्युचुअल फंडों को आरटीए द्वारा दी जाने वाली सेवाएं सेबी के अधीन होंगी जबकि गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सेवाएं कंपनी मामलों के मंत्रालय के दायरे में आएंगी।

नियामक ने कहा कि सभी क्षेत्रों में डीमैट के महत्व को देखते हुए इसकी जरूरत महसूस की गई। अभी आरटीए लगभग 35,000 गैर-सूचीबद्ध कंपनियों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जबकि सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या करीब 4,000 है।

सेबी ने गैर-सूचीबद्ध कारोबारों के लिए आरटीए द्वारा एक अलग व्यावसायिक इकाई का प्रस्ताव रखा है। बाजार नियामक ने आरटीए के लिए समान परिभाषा का भी प्रस्ताव रखा है, जिसमें वर्गीकरण को हटा दिया गया है और नेटवर्थ की गणना को संशोधित किया गया है। एक अन्य प्रमुख प्रस्ताव धोखाधड़ी रोकने के लिए आंतरिक नियंत्रण हेतु एमडी, सीईओ और अन्य ऐसे प्रबंधन कर्मियों पर अधिक जिम्मेदारी के लिए तंत्र स्थापित करने का है। *बीएस*

## निवेश सलाहकारों, शोध विश्लेषकों को और छूट का प्रस्ताव

**खुशबू तिवारी**
नई दिल्ली, 7 अगस्त

**बाजार** नियामक सेबी ने गुरुवार को निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों के लिए कुछ रियायत का प्रस्ताव रखा, जिसमें शैक्षिक योग्यता, पिछले प्रदर्शन के आंकड़े मुहैया कराने और पंजीकरण के लिए मांगी जाने वाली विस्तृत जानकारी शामिल है।

निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों को प्रासंगिक डिस्क्लेमर के साथ पिछले प्रदर्शन के आंकड़े केवल उन्हीं ग्राहकों को व्यक्तिगत आधार पर उपलब्ध कराने की अनुमति दी जा सकती है, जो विशेष रूप से ऐसे आंकड़े चाहते हैं। भ्रामक दावों की चिंताओं के बीच बाजार नियामक ने प्रदर्शन संबंधी दावों के सत्यापन के लिए एक प्रदर्शन सत्यापन एजेंसी की शुरुआत की थी। ऐसे पिछले आंकड़ों के लिए लागू होने वाली अवधि इस एजेंसी के परिचालन में आने के पहले ही अवधि होगी।

प्रस्तावित मानदंडों के तहत, इंजीनियरिंग और कानून जैसे किसी भी विषय के स्नातक भी निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक पंजीकरण के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। अभी केवल वित्त, व्यवसाय प्रबंधन, लेखा, वाणिज्य, अर्थशास्त्र और पूंजी बाजार के स्नातक ही इसके लिए पात्र माने जाते हैं।

हालाँकि, उन्हें राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) की प्रमाणन परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी। एक अन्य प्रमुख प्रस्ताव यह है कि एनआईएसएम को लागू एनआईएसएम प्रमाणन परीक्षाओं के विकल्प के रूप में किसी बाहरी संगठन के किसी भी शैक्षिक कार्यक्रम को मान्यता देने की अनुमति मिले।

सेबी ने निवेश सलाहकारों को पूर्व-वितरित परिसंपत्तियों पर ग्राहकों को दूसरी राय देने की अनुमति देने का भी प्रस्ताव रखा है, जो शुल्क भुगतान के मौजूदा मानदंडों के अंतर्गत नहीं आते थे। निवेश सलाहकार इन परिसंपत्तियों पर सालाना कीमत के 2.5 फीसदी की सीमा में शुल्क ले सकेंगे।

बाजार नियामक ने 300 ग्राहकों तक पहुंचने पर व्यक्तिगत निवेश सलाहकार से गैर-व्यक्तिगत सलाहकार बनने की प्रक्रिया को आसान बनाने के उपायों का भी प्रस्ताव रखा है। निवेश सलाहकारों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए अन्य प्रस्तावित उपायों में कई व्यक्तियों के पते के प्रमाण देने की आवश्यकता को समाप्त करना और कार्यालय स्थान, उपकरण, अनुसंधान सॉफ्टवेयर और अन्य बुनियादी ढांचे का विवरण देना शामिल है।

इसके अलावा, पंजीकरण के लिए क्रेडिट रिपोर्ट या सिबिल स्कोर और नेटवर्थ, संपत्ति और देनदारियों या आयकर रिटर्न का विवरण जरूरी नहीं होगा। बाजार नियामक ने हाल ही में निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषकों के नियमों में व्यापक बदलाव किया है, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया और पंजीकरण की समग्र आवश्यकताओं में उल्लेखनीय रूप से आसानी हुई है।

## टाइटन के शुद्ध लाभ में 52.6 फीसदी का इजाफा

**शार्लीन डिसूजा**
मुंबई, 7 अगस्त

**मजबूत** बिक्री और मार्जिन में इजाफे के दम पर टाइटन कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 52.6 फीसदी बढ़ा। कंपनी का परिचालन राजस्व 24.6 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 16,523 करोड़ रुपये रहा जबकि शुद्ध लाभ 1,091 करोड़ रुपये। क्रमिक आधार पर शुद्ध लाभ 25.3 फीसदी बढ़ा जबकि राजस्व में 10.8 फीसदी का इजाफा हुआ।



वित्तीय परिणाम

आभूषण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का एबिटा जून में समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 41.6 फीसदी बढ़कर 1,935 करोड़ रुपये पर पहुंच गया और इसका एबिटा मार्जिन 141 आधार अंक बढ़कर 11.7 फीसदी रहा। तनिष्क, मिया और जोया की मालिक ने पाया कि आभूषण कारोबार से उसकी आय पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में एकल आधार पर 19 फीसदी बढ़कर 12,797 करोड़ रुपये (बुलियन और डिजिटल गोल्ड बिक्री को छोड़कर) हो गई।

इसी अवधि में इसका भारतीय कारोबार 18 फीसदी बढ़कर 11,217 करोड़ रुपये हो गया और कैरेटलेन ने 39 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। अंतरराष्ट्रीय आभूषण कारोबार वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही की तुलना में 49 फीसदी बढ़कर 554 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

टाइटन ने अपने नतीजों की घोषणा में कहा, सोने की ऊंची कीमतों और चुनौतीपूर्ण बाज़ार परिस्थितियों के कारण ग्राहकों का रुझान सोने की खरीदारी की ओर बढ़ा, जिससे जड़ाऊ आभूषणों की तुलना में सोने के आभूषणों और सिक्कों की खरीदारी में बेहतर वृद्धि हुई। कीमत के आकार में सुधार ने तिमाही में ग्राहकों की आवाजाही पर सोने की ऊंची कीमतों के असर को काफी हद तक कम कर दिया।

### एचपीसीएल के शुद्ध लाभ में इजाफा

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ छह गुना से अधिक होकर 4,110.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भंडार से हुए फायदे और कच्चे तेल की लागत घटने से कंपनी के लाभ में यह शानदार वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी एचपीसीएल ने गुरुवार को शेयर बाजारों को अप्रैल-जून, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 633.94 करोड़ रुपये रहा था। पहली तिमाही का लाभ एचपीसीएल के लिए एक रिकॉर्ड है। *भाषा*

## सालाना निरीक्षण के नियमों में संशोधन

**सेबी** ने गुरुवार को शेयर ब्रोकरों और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के सालाना निरीक्षण में सुधार के उपायों की घोषणा की। 1 दिसंबर से सभी मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर इंस्टिट्यूशंस (एमआईआई) जैसे स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी द्वारा अलग-अलग निरीक्षणों के बजाय एक ही समय में संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। एमआईआई के पास निरीक्षणों से हासिल टिप्पणियों के लिए सूचना साझा करने की एक व्यवस्था होगी। इसके अलावा, मध्यस्थों के सालाना निरीक्षण के चयन मानदंडों में भी ढील दी गई है और निरीक्षण का दायरा केवल उन अग्रणी 25 संस्थाओं पर होगा, जिन पर उच्च और आवर्ती जुर्माना है या जिनके खिलाफ निवेशकों की शिकायतें ज्यादा हैं। अन्य संस्थाओं का निरीक्षण तीन वर्षों में कम से कम एक बार किया जाएगा। *बीएस*


गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)

**गेल (इंडिया) लिमिटेड के शेयरधारकों के लिए सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की 41वीं (इकतालीसवीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, दिनांक 29 अगस्त, 2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी ताकि एजीएम की सूचना में यथा निर्धारित व्यवसाय(यों) का संचालन किया जा सके। सेबी और एमसीए परिपत्रों के अनुरूप, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की 41वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2024-25, कंपनी के उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज दी गई है जिनकी ई-मेल आईडी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) या आरएंडटीए के पास पंजीकृत है। इसे कंपनी की वेबसाइट (**www.gailonline.com**), स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड (**www.bseindia.com**), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (**www.nseindia.com**) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) (रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) (**www.evotingindia.com**) पर भी होस्ट किया गया है।

सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 44 तथा कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("**रिमोट ई-वोटिंग**") **का उपयोग करके 41वीं** एजीएम के आयोजन की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर मतदान करने के अपने अधिकार का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रसन्न है। कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए डिपॉजिटरी अर्थात **सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('सीडीएसएल') की सेवाएं** प्राप्त की हैं। रिमोट ई-वोटिंग अवधि **सोमवार, दिनांक 25, अगस्त 2025 (प्रातः 9:00 बजे) (आईएसटी) से आरंभ होती है और गुरुवार, दिनांक 28 अगस्त, 2025 (सायं 5:00 बजे) (आईएसटी)** को समाप्त होती है।

**कट-ऑफ** तिथि अर्थात **शुक्रवार, दिनांक 22 अगस्त, 2025** को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में पंजीकृत है वह (क) रिमोट ई-वोटिंग; (ख) वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भागीदारी; और (ग) एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग मोड के माध्यम से वोट करने की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।

जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट किया है, वे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भी वार्षिक आम सभा में भाग ले सकते हैं, लेकिन वार्षिक आम सभा के दौरान उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं होगा। एक बार जब सदस्य द्वारा रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग के माध्यम से किसी प्रस्ताव पर वोट प्रस्तुत कर दिया जाता है, तो सदस्य को उसे बदलने की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों के लिए रिमोट ई- वोटिंग की सुविधा अंतिम तिथि तक www.evotingindia.com पर उपलब्ध है। केवल वे सदस्य, जो वी.सी./ओ.ए.वी.एम. की सुविधा के माध्यम से ए.जी.एम. में उपस्थित होंगे तथा जिन्होंने रिमोट ई- वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं किया है और अन्यथा रूप से ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, ए.जी.एम. के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट देने के पात्र होंगे।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे रिमोट ई-वोटिंग के लिए निर्देशों का संदर्भ लें, जो एजीएम नोटिस का एक हिस्सा है।

यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम में भाग लेने और ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई-मेल कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को भेजी जा सकती हैं या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ईमेल भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर कॉल करें।

यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल/एनएसडीएल के साथ पहले से पंजीकृत है, तो रिमोट ई- वोटिंग या ई-वोटिंग के लिए मौजूदा लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति जो कंपनी का शेयर प्राप्त करता है और कंपनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखता है, वह अपने शेयरधारिता विवरण के साथ **shareholders@gail.co.in** या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है ।

सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 44 के अनुसार कंपनी **शुक्रवार, दिनांक 29 अगस्त, 2025** को **पूर्वाह्न 11.30 बजे** से एजीएम की समाप्ति तक शेयरधारकों के लिए एजीएम की कार्यवाही का एकतरफा लाइव वेबकास्ट की सुविधा प्रदान कर रही है। आप इसे गेल की वेबसाइट (www.gailonline.com) पर देख सकते हैं।

इसके अलावा, सेबी ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 2 जुलाई, 2025 के माध्यम से केवल उन हस्तांतरण विलेखों को पुनः दाखिल करने के लिए एक विशेष विंडो खोली है, जो निर्धारित तिथि 1 अप्रैल, 2019 से पहले दाखिल किए गए थे और **7 जुलाई 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक** छह महीने की अवधि के लिए दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्य किसी कमी के कारण अस्वीकृत/वापस कर दिए गए/उन पर ध्यान नहीं दिया गया। इस अवधि के दौरान, हस्तांतरण के लिए पुनः दाखिल की गई प्रतिभूतियाँ (जिनमें सूचीबद्ध कंपनी/आरटीए के पास आज की तारीख तक लंबित अनुरोध भी शामिल हैं) केवल डी-मैट मोड में जारी की जाएंगी। ऐसे हस्तांतरण-सह-डीमैट अनुरोधों के लिए उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

सदस्यों को अपना अनुरोध/शिकायत, यदि कोई हो, दर्ज कराने में सुविधा प्रदान करने के लिए आरएंडटीए और कंपनी की निर्दिष्ट ई-मेल आईडी क्रमशः **admin@mcsregistrars.com** और **shareholders@gail.co.in** है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक:08.08.2025
ई-मेल: shareholders@gail.co.in

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड के लिए
एसडी/-
(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

पंजीकृत कार्यालयः गेल भवन, 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली–110066
फोनः 011–26182955, फैक्सः 011–26185941 (सीआईएनः L40200DL1984GOI018976)

www.gailonline.com #EnergizingPossibilities Follow us on


# आईपीओ से पहले पूंजी जुटाएगी भारतपे

**अजिंक्य कावले**
मुंबई, 7 अगस्त

**वित्त** वर्ष 2025 में मुनाफा दर्ज करने वाली फिनटेक फर्म भारतपे अपने संभावित आईपीओ से पहले पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी का आईपीओ वित्त वर्ष 2026 के बाद बाजार में लाने का इरादा है। भारतपे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नलिन नेगी ने यह जानकारी दी। नेगी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'आईपीओ इस वित्तीय वर्ष में नहीं आने वाला है। लेकिन उसके बाद संभावना है। इससे पहले एक प्री-आईपीओ (फंडिंग) राउंड होगा। यह कब होगा, हम इस पर विचार करेंगे।' उन्होंने आईपीओ के बारे में कोई समय-सीमा या राशि जुटाने की योजना का जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे इस क्षेत्र में बाजार की धारणा समझने के लिए आने वाले सभी फिनटेक आईपीओ पर नजर रखेंगे।

अपनी व्यापक रणनीति के तहत भारतपे ने अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) इकाई ट्रिलियनलोन्स में हिस्सेदारी बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर ली है और अगले दो से तीन वर्षों में इस इकाई का पूर्ण स्वामित्व हासिल करने की योजना बना रही है। शेष हिस्सेदारी एनडीएक्स फाइनैंशियल सर्विसेज के पास है। ट्रिलियनलोन्स को भारतपे ने प्रमोट किया है, जो रेजिलिएंट इनोवेशन्स का ब्रांड नाम है।



नलिन नेगी
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतपे

नेगी ने कहा कि संभावित आईपीओ से पहले उनका लक्ष्य पूरी तरह से शुद्ध लाभ का कारोबार बनाना है, जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन भुगतान के साथ-साथ उपभोक्ता खंड सहित अन्य क्षेत्रों का भी महत्त्वपूर्ण राजस्व योगदान हो। इस साल जनवरी में नेगी ने कहा था कि कंपनी की 18 से 24 महीनों में सूचीबद्ध होने की योजना है।

**वित्त वर्ष 2025 में प्रदर्शन**

यह योजना ऐसे समय बनाई जा रही है जब कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 में 6 करोड़ रुपये का समायोजित कर-पूर्व लाभ दर्ज किया है, जबकि वित्त वर्ष 2024 में उसे 342 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

दिल्ली की इस कंपनी ने कहा कि उसका एबिटा (ईसॉप खर्च को छोड़कर) वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 141 करोड़ रुपये बढ़ा जबकि वित्त वर्ष 2024 में उसे 209 करोड़ रुपये का एबिटा घाटा हुआ था। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 में 1,667 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2024 में अर्जित 1,426 करोड़ रुपये से 16.9 प्रतिशत अधिक है।

**यूनिटी स्मॉल फाइनैंस बैंक में हिस्सेदारी**

रेजिलिएंट इनोवेशन्स की यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नियामकीय शर्तों के अनुसार कंपनी को बैंक की लिस्टिंग हो न हो, 2029 तक बैंक में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 10 प्रतिशत करनी होगी। लाइसेंसिंग आवश्यकताओं के अनुसार, भारतपे को बैंक संचालन के आठ वर्षों के भीतर अपनी हिस्सेदारी कम करनी होगी।

# 'लंबी अवधि में फायदे के लिए अल्पावधि कष्ट सहना उचित'

**दीपक पटेल**
नई दिल्ली, 7 अगस्त

जेसीबी इंडिया के मुख्य कार्याधिकारी एवं प्रबंध निदेशक दीपक शेट्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के मुद्दे पर गुरुवार को कहा कि दीर्घावधि लाभ पाने के लिए अल्पावधि कष्ट सहना पड़ता है और निर्माण उपकरण उद्योग इसके लिए तैयार है।

जेसीबी ने वर्ष 2024 में 14,000 यूनिट का निर्यात किया, जिसमें 10,000 निर्माण उपकरण अमेरिका भेजे गए थे।

शेट्टी शुक्रवार को भारतीय निर्माण उपकरण निर्माता संघ (आईसीईएमए) के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। भारतीय निर्माण उपकरण उद्योग का आकार लगभग 6 अरब अमेरिकी डॉलर है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अमेरिकी सरकार के इस कदम से चिंतित हैं, तो शेट्टी ने कहा, 'हां।'

उन्होंने बिजनेस स्टैंडर्ड को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'पिछले चार साल दुनिया भर में जेसीबी के निर्यात के लिए बेहतरीन रहे हैं। इससे पहले, जेसीबी केवल लगभग 2,000 मशीनों का निर्यात करती थी। अगर हम पिछले पांच वर्षों पर नजर डालें, तो पता चलता है कि हमारा निर्यात कई गुना बढ़ा है। हम अब 135 देशों को निर्यात करते हैं।'

अमेरिका के साथ टैरिफ और व्यापार के मुद्दों पर उन्होंने कहा, 'एक उद्योग के तौर पर हम बहुत खुले हैं। हम अपनी सरकारों के हाथ खुले रखना चाहते थे, इसलिए हमने वाणिज्य मंत्रालय से कहा कि दोनों पक्षों द्वारा आयातित निर्माण उपकरणों पर कोई शुल्क नहीं होना चाहिए ताकि समान अवसर उपलब्ध हों। हमें अपनी मशीनों की गुणवत्ता पर पूरा भरोसा है।'

उन्होंने अन्य संभावित बाजारों की ओर भी इशारा किया, जिन पर कंपनी निर्यात विविधता के लिए नजर रख रही है।